हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त, 2025

11 सौहार्द का संदेश देते हैं धार्मिक आयोजन


12 दो दिन लगभग 20 ओलंपिक व 12 नॉन...


# अनसेफ स्कूली भवनों की जगह चौपाल व धर्मशालाओं में लगाई जाएंगी क्लासें

## पंचायत व एसएमसी के प्रस्ताव के बाद ही इन जगहों पर लगेंगी क्लासें, स्कूल मुखिया सूचित करें

यदि किसी स्कूल का भवन जर्जर है और अभी तक विभाग ने कंडम घोषित नहीं किया है तो भी उस भवन में बच्चों की क्लासें किसी भी सूरत में न लगाएं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जर्जर स्कूली भवन को लेकर ढिला-ढाली बिल्कुल नहीं चलेगी। शिक्षा विभाग ने कंडम घोषित हुए भवनों या अनसेफ भवनों में क्लासें लगाने से साफ इंकार कर दिया है। अब किसी स्कूल का भवन जर्जर है और अभी तक विभाग ने कंडम घोषित नहीं किया है तो भी उस भवन में बच्चों की क्लासें किसी भी सूरत में न लगाए।

साथ ही इस तरह के मामले में गांव की पंचायत व स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रस्ताव के बाद किसी नजदीकी धर्मशाला, चौपाल में क्लासें लगाए जाने के निर्देश दिए है। यह सब तभी सभंव होगा, कि पंचायत व एसएमसी की कमेटी के सदस्यों का प्रस्ताव साथ में हो। इनके अलावा जिन स्कूलों का भवन पूरी तरह से कंडम घोषित किया जा चुका है या फिर किसी स्कूल के भवन को कंडम घोषित करने की प्रक्रिया जारी है तो उस तरह के भवन में बच्चों को बैठाने से बचना निहायत जरूरी है। स्कूल मुखिया अतिशीघ्र इस तरह के स्कूल के भवन में डैमेज घोषित करवा कर विभाग को सूचित करें। ताकि उस भवन की जगह नया भवन तैयार करवाए जाने की प्रक्रिया आरंभ की जा सके।

### पानी निकासी की पंचायत करवाए व्यवस्था

जिन स्कूल परिसर या भवनों के आसपास बारिश का पानी जमा है। उस पानी की निकासी की पंचायत व्यवस्था करवाए। पानी की निकासी हो चुकी है और अभी कई जगहों पर स्कूल परिसर में बने गड्ढों में बारिश का पानी जमा है उस पानी को निकलवाया जाए। अगर निकाले जाने की पॉजिशन नहीं बनती तो उस पानी में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाया जाए। साथ ही इस तरह के पानी काला तेल आदि भी डलवाया जा सकता। क्योंकि जिससे पानी में मच्छर नहीं पनप पाएंगे।
**बिजली के तार व उपकरणों सुरक्षित करना सुनिश्चित करें:** भेजे निर्देशों में कहा गया है कि सभी स्कूल के प्राचार्य, हेड मास्टर यह सुनिश्चत करे कि स्कूल के भवन में लगे बिजली के उपकरण बिजली के तार सुरक्षित है या नहीं। अगर कोई गडबड़ी नजर आ रही है तो वे तत्काल विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियंता से सम्पर्क करें। कनिष्ठ अभियंता की रिपोर्ट आने के बाद वह रिपोर्ट बीईओ के जरिए डीपीसी व डीईओ के पास भेजी जाए। ताकि मुख्यालय पर रिपोर्ट प्रेषित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### सत्संग, नामदान और भंडारा आठ को

**चरखी दादरी।** रक्षाबंधन पर्व पर 8 अगस्त को हुजूर कंवर साहेब महाराज के सानिध्य में भैरवी के नजदीक लोहारू रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग चरखी दादरी में सत्संग, नामदान व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के मुख्य सेवादार प्रदीप सांगवान ने बताया कि सत्संग में हुजूर कंवर साहेब महाराज अपने मुखारविंद से प्रवचन सुनाएंगे।

### 31 तक बढ़ाई फसल पंजीकरण की तिथि

**चरखी दादरी।** मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों के पंजीकरण का कार्य जारी है। जिले के जो किसान अपने खेतों में खरीब फसलों की बुवाई कर चुके हैं। वे पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण जरूर करवाएं। सरकार ने पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त मुनीश शर्मा ने दी।

### संघर्ष में जीत किसानों की होगी: सुमित दलाल

**लोहारू।** करोड़ों रुपयों के फसल बीमा क्लेम भुगतान के लिए लोहारू में महापड़ाव कर 21दिन से क्षेत्र के किसान धरने पर बैठे हैं तथा मंगलवार को भी किसान सरकार के खिलाफ जमकर गरजे। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य सचिव कामरेड सुमित दलाल ने कहा कि इतिहास गवाह है जब जब किसान आन्दोलन हुआ है तब तब जीत किसानों की हुई है। भले ही किसानों को लंबा संघर्ष करना पड़ा हो। सुमित ने कहा कि सभी किसान संगठन एक होकर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में बड़ी सुझ-बुझ व अहिंसात्मक गांधीवादी तरीके से आंदोलन लड़ा जा रहा है जो कि जीत की पक्की निशानी है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कोंथ ने कहा कि सरकार किसानों का इंम्तिहान ले रही है।

## 10 अगस्त को जुई में होगी जिला स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता

**भिवानी।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 अगस्त को जुई के एस.एल. इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी हरियाणा एथलेटिक्स संघ के प्रधान एडवोकेट दिलबाग सिंह, स्कूल संचालक सी.पी. मलिक व कोच आज़ाद सिंह रापड़िया ने दी। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 व अंडर-20 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ी 16 व 17 अगस्त को जींद के पांडू पिंडारा स्थित रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रधान दिलबाग सिंह ने बताया कि प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी जन्म तिथि का मूल प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। स्कूल संचालक सी.पी. मलिक ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

- प्रतियोगिता में अंडर-14, 16, 18 और 20 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग ले सकेंगे

### 11 को होगा सांस्कृतिक टीमों का चयन

**चरखी दादरी ।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए 11 अगस्त को सांस्कृतिक टीमों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में कोई भी शिक्षण संस्थान बिना पंजीकरण के भाग ले सकता है। चयन के लिए उपायुक्त मुनीश शर्मा ने एसडीएम योगेश सैनी की अध्यक्षता में डीआईपीआरओ, डीईओ व पीओ की उपसमिति का गठन किया है। एसडीएम ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह दादरी की नई अनाज मंडी में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का चयन 11 अगस्त को चयन समिति करेंगी।

# फोन पर कहासुनी ने 26 वर्षीय युवक की ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





पुराना बस अड्डा इलाके में दो परिवारों के युवकों की फोन पर हुई आपसी कहासुनी में एक 26 वर्षीय युवक की जान चली गई,जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने हत्या के मामले में 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

देर रात एक ही परिवार के दो पक्षों में किसी बात को लेकर फोन पर ही बहस हो गई। उस वक्त तो फोन पर हुई बहस को शांत करवा दिया। करीब दस बजे के आसपास 26 वर्षीय युवक लक्की व नरेश जब ये दोनों अपने काम से रात को घर लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल को दूसरे पक्ष के लोगों ने टक्कर मार दी तथा बरछी व चाकू से उन पर हमला कर दिया। जिसके बाद दोनों को भिवानी के सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान 26 वर्षीय लक्की की मौत हो गई। इस संबंध में 12 लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। घायल नरेश ने बताया कि उनके पास युवक का फोन आया और बताया कि वे यहां पर आ जाए। यहां पर दोनों पक्षों के लोगों को बैठाकर सुलह करवाई जाएगी। घायल नरेश ने बताया कि वे उनके फोन जाने के बाद वहां पर पहुंचे तो उनके बाइक को सीधी बाइक से टक्कर मार दी और उनक अचानक करीब एक दर्जन लोगों ने हमला कर दिया। लक्की पर कई वार किए गए। उस पर भी अनेक वार किए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए।

### अविवाहित था मृतक लक्की

एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें बीती रात्रि पुराना बस स्टैंड के पास स्थित क्राऊन प्लाजा के पीछे वाल्मीकि बस्ती में झगड़े की सूचना मिली थी। जब पुलिस वहां पहुंची तो उन्हे कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। कुछ समय बाद उन्हे सामान्य अस्पताल भिवानी से सूचना मिली कि झगड़े का एक मामला है, जिसमें नरेश अस्पताल में भर्ती है तथा लक्की उर्फ विशाल पुत्र की राजेंद्र की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस संबंध में घायल नरेश के ब्यान लिए गए है। इस संबद्ध मे हत्या का मामला दर्ज किया जा चुका है। प्राथमिकी रिपोर्ट में 12 लोगों के नाम दर्ज किए गए है। मृतक 26 वर्षीय युवक अविवाहित था। यह झगड़ा उन्ही के परिवार के लोगों के साथ हुआ था। जिसमें आपसी कहासुनी के बाद बरछी व चाकू से युवक की हत्या की गई।

# जलघर के टैंक में मिला व्यक्ति का शव, नहीं हो पाई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दादरी सामान्य अस्पताल पहुंचाया

गांव खेड़ी बुरा के जलघर टैंक में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। पुलिस ने शव को टैंक से बाहर निकाला कर सामान्य अस्पताल पहुंचाया, लेकिन शव गला होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। खेड़ीबुरा गांव के ग्रामीणों ने जलघर के वाटर टैंक में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने पुलिस को जलघर के टैंक में शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला, लेकिन शिनाख्त नहीं हुई। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर शिनाख्त का प्रयास किया, मगर शव अधिक गला होने के कारण पहचान नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दादरी सामान्य अस्पताल पहुंचाया, लेकिन शव अधिक गला होने के कारण रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। बॉडी में कीड़े पड़े होने और पानी में गलने के कारण पहचान नहीं हुई है। मामले की जांच कर रहे अधिकारी ने बताया कि शव पूरी गल चुका है। जिसको पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 38 वर्ष लग रही है।

### बलियाली में बच्चे के साथ कुकर्म का मामला

# पुलिस के ढुलमुल रवैये को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने नारेबाजी की और जाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



गांव बलियाली में बच्चे के साथ हुए ककर्म मामले में प्रशासन के ढुलमुल रवैये को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नारेबाजी की और मार्ग जाम कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दो दिन का समय मांगकर जाम खुलवाया। बलियाली निवासी अमर सिंह ने बताया कि उसका 9 वर्षीय पोता जो कि गांव के ही तीसरी कक्षा में सरकारी स्कूल में पढता है। वह वीरवार एक अन्य बच्चे के साथ गांव में ही परचून की दुकान से कुछ सामान लाने के लिए जा रहा था कि रास्ते में गांव का ही युवक उन दोनों को बहला फुसलाकर एक धर्मशाला में ले गया। दूसरा बच्चा हाथ छुड़वाकर अपने घर भाग गया और घरवालों को सूचना दी। सूचना मिलते ही वे तीनों भाग कर धर्मशाला में गए जहां पर उसके पोते को लहूलुहान स्थिति में देखा। वह अपने पोते को लेकर कस्बे के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए। प्राथमिक उपचार करने के बाद हालात देखते हुए भिवानी रैफर कर दिया ।

## तोशाम में चौधरी सुरेन्द्र सिंह खेल परिसर में होगा उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह



**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए जिस भी विभाग को जो दायित्व दिया गया है, उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। एसडीएम मंगलवार को अपने कार्यालय में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह तैयारियां पूरी करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देशन दे रहे थे। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को होगी। सभी विभागों के अधिकारी तालमेल बनाकर स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए पूरी तैयारियां सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि रिहर्सल व परेड के दौरान एंबुलेंस की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा और साफ-सफाई की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की जाएगी, वे इस बारे में पूरा ध्यान रखना सुनिश्चित करें। मीणा ने चौधरी सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल खेल परिसर में अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए मंत्रणा भी की। वहीं स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पार्किंग, वेलकम गेट, परेड की स्लामी, मार्च पास्ट के लिए पुलिस विभाग, रिहर्सल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शिक्षा, पीडब्लूडी बीएण्डआर विभाग, खंड विकास एवं पंचायत विभाग को जिम्मेदारियां सौंपी।

# एसडीएम ने कार्यभार संभाला व स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढडा

- अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्र के अलग -अलग योजनाओं के अस्टीमेट भेजने के निर्देश

एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने मंगलवार को बाढड़ा के उपमंडल कार्यालय पहुंच कर अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया तथा अधिकारियों के साथ अनाज मंडी में आयोजित होने वाले 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को उपमंडल कार्यालय में क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों, किसान संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा जल्द समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने तहसील, सरल केन्द्र व बीडीपीओ कार्यालय पहुंच कर अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से समाधान करने व कार्य दिवस के समय किसी तरह की अनुपस्थित न होने का आदेश दिया।

जुई रोड स्थित उपमंडल कार्यालय में उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्र के अलग -अलग योजनाओं के अस्टीमेट भेजने व गांवों में किसी तरह के गंदे पानी का भराव न होने, ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का आदेश दिया। उन्होंने किसानों को बचे हुए बिजली केनेक्शन व प्राकृतिक आपदा से टूटे बिजली के खंभे व लाइनों का तुरंत नवीनीकरण करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने जुई रोड स्थित तहसील, सरल केन्द्र व बीडीपीओ कार्यालय पहुंच कर राजस्व अधिकारियों को भूमि संबधी कामकाज में तेजी लाने और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए।

### ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) ने मंगलवार को बीटीएम चौक स्थित बिजली विभाग के डिवीजन कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन नई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में था, जिसे यूनियन कर्मचारियों के हितों के खिलाफ मानती है।

यूनियन के पदाधिकारियों ने हरियाणा के बिजली मंत्री और अतिरिक्त मुख्य सचिव को संबोधित एक मांगपत्र सौंपा, जिसमें पॉलिसी में तत्काल संशोधन की मांग की गई है। उनका कहना है कि इस पॉलिसी के तहत होने वाले तबादले कर्मचारियों के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी करेंगे, जिनमें पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं शामिल हैं। इस मौके पर सिटी यूनिट प्रधान रविंद्र दिनोद, सर्कल सचिव अशोक अशोक गोयत, राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान, राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाटी, राज्य सचिव लोकेश ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी 23 मई को लागू की गई थी, जिसे एक जुलाई को प्रबंध निदेशकों की समन्वय समिति द्वारा बिजली विभाग में लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग एक तकनीकी विभाग है। जो कि संवेदनशील और आवश्यक सेवाओं का विभाग है। ऐसे में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी विभाग में व्यवहारिक नहीं है। क्योंकि इस विभाग में बिजली की लाईनों का जाल बिछा हुआ है। इन लाईनों का संचालन करने के लिए अधिक अनुभव की आवश्कता होती है और लिपिकीय वर्ग का काम भी बैंक के जैसा है। अगर बिजली जैसे विभाग में ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी लागू होती है तो फैटल और नॉन फैटल दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ेगी और बिजली का काम बाधित होगा, इसके अलावा लिपिकीय स्टॉफ में ऑडिटिंग, बिलिंग और कैशिंग का काम बाधित होगा। इसीलिए ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी किसी भी प्रकार से विभाग के हित में नहीं है। यूनियन ने सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द किया जाए और एक ऐसी पॉलिसी बनाई जाए जो कर्मचारियों की सहमति और सुझावों पर आधारित हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रेस प्रवक्ता अभिषेक शर्मा, सुखबीर, सीसी सदस्य चांदराम, युनिट सचिव राजेश दुल्हेड़ी, कमल प्रधान, रामलाल प्रधान, जसबीर दिनोद, अनिल बामला, अमित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे मजदूर



**भिवानी।** नेहरू पार्क में भवन निर्माण मजदूर संघ रजि. नंबर-1533। से संबंधित इंटक ने मंगलार को एकत्रित हुए। इसके उपरांत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मजदूरों ने शहर में रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन मे भाग लेने के लिए सभी ब्लॉकों के प्रधान पहुंचे। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला भिवानी के प्रधान रामोतार खोरड़ा ने की। प्रदर्शन के मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह लोहान व हरियाणा प्रदेश के महामंत्री कृष्ण कुमार नैन पहुंचे। उन्होंने मजदूरों को संबोधित करते हुए मजदूरों की प्रमुख मांगों पर विचार रखें। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने गैर कानूनी तरीके से मजदूरों को मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं पर रोक लगा दी, जो कि बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल 3 महीने से बंद किया हुआ है। ऐसे में मजदूरों की मांग है कि पोर्टल को जल्द से जल्द चालू किया जाए, नहीं तो मजदूर बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार और प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रदेश कानूनी सलाहकार पवन शेखावत, बवानीखेड़ा तहसील प्रधान कृष्ण बडसी, तोशाम तहसील प्रधान रामनिवास ढाणी दरियापुर, सिवानी तहसील प्रधान साधु राम रूपाणा, बहल तहसील प्रधान दिलवाग मिट्टी, कैरू ब्लॉक प्रधान अमित हेतमपुरा, लोहारू तहसील प्रधान सतवीर फरटिया, भिवानी तहसील प्रधान सोमवीर धीराणा,ख्दादरी जिला प्रधान नरेश कल्याणा, राकेश बलियाली, मनोज प्रजापति, सतीश, विनोद, सुरेश झोझू, तहसील बोंद प्रधान सुनील बौंद, रोशन धीराणा, सुनील बङ्दू, गीता उमरावत, सुनीता, मंजू भिवानी, मुनेश लोहानी, मोनिका कलिंगा, सुनीता तोशाम, सरिता लोरवाड़ा, संतोष डाबर कालोनी, भतेरी जगवंती ढाणा, संजय बङ्दु, मुकेश बापोड़ा, सुरेंद्र तालु, सुरेश कलिंगा, विजय दांग, विजेंद्र मिताथल, संदीप जुई, प्रवीन आदि मौजूद रहे।

**The Technological Institute of Textile & Sciences**
TIT Since 1943
Birla Colony, Bhiwani, Haryana-127021
www.titsbhiwani.ac.in, Email: enquiry@titsbhiwani.ac.in

**ADMISSION NOTICE FOR LEFT-OVER/VACANT SEATS AT INSTITUTE LEVEL**
For B.Tech. / B.Tech. (LEET) Programs (Session 2025–2026)
Applications are invited for admission to the vacant/left-over seats in the following B.Tech. and B.Tech (LEET) programs at Institute level for the academic session 2025–2026:
- Artificial Intelligence and Data Science
- Computer Engineering
- Electronics and Communication Engineering
- Fashion and Apparel Engineering
- Textile Chemistry
- Textile Technology

**Important Dates for Physical Counselling & On-the-Spot Admission (Based on Merit):**
- 1st Round: 06 August 2025
- 2nd Round: 09 August 2025
- 3rd Round: 14 August 2025

Interested candidates are required to visit the Institute in person with all necessary documents on the above-mentioned dates between 10:00 AM and 4:00 PM.
The merit list will be displayed on the same day in the evening.
For More Information, Contact:
M.: 7056742561, 7056742562, 7056742563




# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style

# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।

## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक


**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब



सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।

# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये? :** इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म
# 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



***देश की पहली जुबली गर्ल :*** ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंडस्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*__नई दिल्ली।__ नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार :** सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा :** मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली :** अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन :** मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बेटियों से राखी बंधवाई

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिक बुक शॉप के संचालक जगदीश गिरधर ने स्कूल परिसर में पहुंचकर बेटियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि अन बेटियों के बीच पहुंचकर रक्षाबंधन पर राखी बंधवाना वास्तव में पवित्र कार्य हैं। इस कार्य के साथ-साथ इन बच्चों में एक नई ऊर्जा का संचार होता है।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम

**तोशाम।** तोशाम के मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने सीबीएसई क्लस्टर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कुल तीन पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्राचार्या मनीषा वालिया ने बताया कि अंडर-19 वर्ग में नीरज ठक्कर ने 81-91 किलोग्राम भारवर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन दिखा स्वर्ण पदक जीता है। इसी कड़ी में यशव्रत सईं ने 76-81 किलोग्राम भारवर्ग और यश राजपूत ने 91 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में दमदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीते।

### बेटियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताना जरूरी

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह की धर्मपत्नी मुन्नी देवी ने बाढड़ा महिला महाविद्यालय में पौधारोपण कर छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया।

### बेसहारा गोवंश के लिए बनाई जाए स्थायी योजना

**चरखी दादरी।** जिला के विभिन्न स्थानों पर घुमने वाले बेसहारा गौवंश के लिए कोई स्थाई योजना बनाकर कार्य करें और बेसहारा गौवंश को गौशालाओं सहित उचित स्थान पर समायोजित करने के कार्य को अमलीजामा पहनाया जाए। जिला में बेसहारा गौवंश के लिए संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बेसहारा गौवंश को लेकर आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बेसहारा गौवंश का उचित प्रबंध करने के लिए जिला की मौजूदा गौशालाओं में पशुओं की क्षमता का आकलन किया।

### अपनी दृष्टि, वाणी, वृत्ति कर्म को श्रेष्ठ बनाएं

**भिवानी।** पवित्रता मधुरता और दृढ़ता आदि गुणों के बंधन में बंध जीवन को श्रेष्ठ बनाकर समाज को मूल्य निष्ठ बनाना ही सच्चा रक्षाबंधन है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में चलाए जा रहे अभियान नशामुक्त सद्भावना युक्त समाज-निर्माण एवं रक्षाबंधन विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोझूकलां डीएसएम स्कूल असवारी, राजकीय उच्च विद्यालय मैहड़ा आदि के प्राचार्य व स्टाफ को राखी बांधकर दिव्य संदेश देते हुए क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने रक्षाबंधन के पावन पर्व को अपनी दृष्टि वाणी वृत्ति कर्म को श्रेष्ठ मधुर बनाकर हर भाई प्रत्येक बहन को अपनी बहन समझें। रक्षाबंधन के पावन पर्व को अपनी दृष्टि वाणी वृत्ति कर्म को श्रेष्ठ मधुर बनाकर हर भाई प्रत्येक बहन को अपनी बहन समझें और हर बहन सभी को अपना भाई समझे।

## दस गोग्रास पात्र वितरित कर समिति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने वितरित किए 250 पौधे

भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** पक्षियों के दाना पानी के लिए टीन भेंट करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया। समिति ने 25 ट्री गार्ड, 250 पौधे, पक्षियों के 50 घोसले व पांच दाना पानी टीन, 10 गोग्रास पात्र भाजपा जिला प्रधान विरेंद्र कौशिक के हाथों वितरित करवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कौशिक ने समिति के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की प्रशासन से अधिक से अधिक सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर स्टैंड विद नेचर के संस्थापक डॉ. लोकेश भिवानी ने पर्यावरण प्रदूषण व बिगड़ते जलवायु पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के संयोजक केके वर्मा ने बताया कि समिति ने पिछले चार वर्षो मे हजारों पौधे न केवल भिवानी के विभिन्न स्थानों (30 स्थानों से अधिक) पर बल्कि आसपास के गावों में भी लगाकर उनका संरक्षण किया है। बड़े पेड़ों के नीचे पैदा होने वाले छोटे पौधों को चकलाने की मशीन बनाकर उसके द्वारा निकालकर पौधा बैंक शुरू किया, बीज व गुठलियों को बचाकर बीज बैंक की स्थापना की। नगर में कहीं से भी निवेदन आने पर भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति पौधे लगाने के लिए तैयार रहती है बशर्ते कि पौधे लगवाने वाला उनका संरक्षण करें। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सुरेंद्र बडेसरा ने समिति द्वारा पौधे, पशु पक्षी व जीव जंतु संरक्षण में हर मांगने वाले को सहयोग देने की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी ने रक्तवीर राजेश डूडेजा के 160 बार रक्तदान मानव जीवन बचाने के कार्य की प्रशंसा की।

**जताया आभार**

श्यामबाग समिति अध्यक्ष राधाकृष्ण चावला ने समिति के सहयोग से श्यामबाग में 250 से अधिक पौधारोपण करवाने की प्रशंसा की। बालसेवा आश्रम के प्रबंधक वेदप्रिय आर्य ने कहा कि समिति ने कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत उसका सदुपयोग कर पर्यावरण को बचाने में दोहरा लाभ दिया है। धीर नेत्र अस्पताल की संचालिका डॉ. चंचल धीर ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

# पर्यावरण संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए नैतिक जिम्मेदारी: डॉ. शर्मा

**बहल।** बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बहल की एनएसएस इकाई द्वारा मां के नाम एक पेड़ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया।

कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कॉलेज कैंपस में 500 पौधे लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज शर्मा ने किया। डॉ. शर्मा ने उपस्थित स्टाफ एवं एनएसएस वॉलंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को संजीवनी देता है, बल्कि यह माँ के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक भी बन सकता है। कॉलेज के एनएसएस अधिकारी रजनीश मितड ने कहा कि माँ के नाम एक पेड़' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव है जो विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ता है। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख डॉ. विवेक कुमार, डॉ. जितेन्द्र गौड़, अमित फोगला, सुरेश जांगड़ा, अमित रंजन, पवन पंघाल, रजिस्ट्रार, कुलदीप शर्मा, अनीता दलाल सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



**भिवानी।** बीआरसीएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पौधरोपण करते पर्यावरण प्रेमी।

### पेड़ प्रकृति की अमूल्य धरोहर, इसे सहेजकर रखना हम सबका नैतिक कर्तव्य: दलाल

**बहल।** लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि पेड़ प्रकृति की अमूल्य धरोहर है और इसको सहेजकर रखना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण संरक्षण न केवल समय की महत्ती जरूरत है, वरना मानवता हित में एक अमूल्य उपहार है। वे मंगलवार को श्रीगोगाजी ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का पर्यावरण से सीधा संबंध है। पर्यावरण संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। हमारे बड़े बुजुर्ग इस बात से भली भांति परिचित और सजग थे। इसलिए उनका प्रयास रहता था कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पृथ्वी को हरा भरा बनाया जाए। हमें भी हमारे आने वाली पीढ़ी की रक्षा, सुरक्षा और उनके सुखद भविष्य के लिए पर्यावरण की रक्षा में योगदान देते हुए पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने श्रीगोगाजी ट्रस्ट के प्रधान डॉ. दयानंद जावला के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में सरपंच साधुराम पनिहार, महंत विकास गिरि महाराज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा व आयोजक डॉ. दयानंद जावला ने लोगो से पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज दलाल सहित अन्य अतिथियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर एसडीओ ऋषभ, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, मुरारी जांगड़ा, एसएचओ जयभगवान, हनुमान शर्मा, डॉ. दिलबाग सुरपुरा, हजारी गोस्वामी, कृष्ण वर्मा, बलबीर मेचू आदि मौजूद रहे।

# सौहार्द का संदेश देते हैं धार्मिक आयोजन : सांसद

- भिवानी में दिखा समाजसेवा और भक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवी बाई आश्रम में धार्मिक, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब एक ही परिसर में स्थित गुरुद्वारा साहिब एवं राधा रानी सिद्ध प्राचीन मंदिर का भव्य उद्घाटन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ और मंदिर परिसर में भजन-संकीर्तन से हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इसी दौरान दिव्यांग जनों के लिए विशेष रूप से निर्मित हाल का उद्घाटन भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने किया, जबकि राधा रानी मंदिर के पुनर्निर्माण का लोकार्पण विधायक घनश्याम सर्राफ ने किया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती की गरिमामयी उपस्थिति और उनके आशीर्वचनों ने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश सरदाना ने की। इस मौके पर सांसद चौ. धर्मबीर सिंह एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ना केवल धार्मिक सौहार्द और एकता का संदेश देते है बल्कि समाजसेवा, सहानुभूति और सांप्रदायिक समरसता की भी एक प्रेरणादायक मिसाल पेश करते है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में विभिन्न वर्गो से जुड़े लोग एकत्रित होते है तथा सेवा भाव से कार्य करते है, जो कि भारत की अनेकता में एकता के नारे को और भी मजबूत है। इसके अलावा धार्मिक आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से भी अवगत करवाते है। इस आयोजन में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तियों की भागीदारी रही, जिनमें विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, नरेंद्र बागां, महेश बागां , राजेंद्र शर्मा, कार्तिकेय पंडित, बलबीर ग्रंथि, सरदार सुदर्शन सिंह बाबा बंदा सिंह बहादुर कमेटी,

**बोले प्रधान**

कार्यक्रम में आश्रम ट्रस्ट के प्रधान आशु कामरा ने आश्रम की समाजसेवा से जुड़ी पहल को रेखांकित करते हुए बताया कि विवाह व अन्य आयोजनों में बचा हुआ भोजन फेंकने की बजाय उसे आश्रम में एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। इसके अतिरिक्त आश्रम में शरण लेने वालों के लिए निःशुल्क भोजन और आवास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

# किसानों ने प्रदर्शन कर विधायक कपूर वाल्मीकि को सौंपा ज्ञापन

- दो दर्जन से अधिक गांव में जलभराव की शीघ्र निकासी, मुआवजे व अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



**भिवानी।** पानी की निकासी की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए।

अखिल भारतीय किसान सभा बवानीखेड़ा तहसील कमेटी ने दो दर्जन से अधिक गांव में अत्याधिक बारिश से ड्रेन टूटने व नहरें ओवरफ्लो होने से जलभराव की शीघ्र निकासी, क्षति पूर्ति पोर्टल खोलने, विशेष गिरदावरी कराते हुए एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने, पशुओं के लिए चारे का प्रबंध सहित अन्य मांगों को लेकर कस्बा बवानीखेड़ा में प्रदर्शन किया तथा बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के निवास पर जाकर किसान उनसे मिले तथा उपरोक्त मांगों के लिए उन्हें ज्ञापन दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश व ब्लाक प्रधान रामोतार बलियाली ने विधायक को उपरोक्त मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इनके अलावा उन्होंने जलभराव के कारण पीड़ित किसान मजदूरों के मकानों का भी मुआवजा देने तथा मजदूरों की दिहाड़ी मरने पर उनको भी मुआवजा देने तथा सभी प्रभावित गांव में 100 दिन का 600 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी देकर मनरेगा के तहत काम लगवाने, किसानों को डीएपी खाद, यूरिया देने, बढ़े बिजली रेट व खाद्य तेल दाम वापिस करवाने की मांग की गई। विधायक ने किसानों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना तथा पूरी करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं किसान मजदूर परिवार से हैं और इस दौरान पूरी लगन से जल भराव निकासी हेतु लगे हुए हैं।




**भिवानी।** सीबीएलयू के गेट के बाहर की गई बेरिकटस का दृश्य।

### सिर्फ दो कॉलम कालेज, युनिवर्सिटी को आरएसएस का अड्डा बनाना चाहती है सरकार: चौटाला

**भिवानी।** यह अमरजेंसी की आहट है भाजपा सरकार अपनी तानाशाह सोच से छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है जबकि भारतीय संविधान में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने सबको अपनी बात रखने का हक दिलाया है। सीबीएल यूनीवर्सिटी प्रशासन इस बात को अच्छी तरह समझ लें की यदि युनिवर्सिटी कैम्पस में इनसो का कार्यक्रम नहीं होने दिया जा रहा है तो आगे से एबीवीपी या भाजपा से सम्बंधित किसी संगठन के कार्यक्रम यदि हुए तो इसका खामियाजा भूगतना पडेगा। यह बात आज जजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने इनसो के 23 वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर आयोजित कार्यक्रम को सीबीएलयू में ना करने दिये जाने से नाराजगी व्यक्त करते हुए कही। इनसो के स्थापना दिवस समारोह को लेकर आज भिवानी के सीबीएलयू कम्पैस के बाहर जजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला और पुलिस प्रशासन के बीच उस वक्त तीखी बहस हुई जब दिग्विजय सिंह चौटाला साथियों सहित युनिवर्सिटी कैम्पस में अंदर जा रहे थे। लेकिन युनिवर्सिटी प्रशासन ने तानाशाही दिखाते हुए उन्हें बाहर गेट पर भारी पुलिस बल के साथ रोकना चाहा। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा की पुलिस प्रशासन को जिस तरह से सीबीलयू के बाहर खड़ा किया गया उससे साफ

# रेशनेलाइजेशन के नाम कर्मियों के साथ भद्दा मजाक कर रही सरकार: सूरजभान

- कर्मचारियों की कटौती पर रोक सहित अनेक मांगों को लेकर कर्मचारी संघर्षरत: अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर विरोध जताते कर्मचारी।

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की पब्लिक हेल्थ की फ्रील्ड ब्रांच, अर्धशहरी ब्रांच व शहरी ब्रांच तीनों ब्रांचों की मीटिंग मंगलवार को बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने की तथा संचालन राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से राज्य के संगठन सचिव सुशील आलमपुर भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा ने कहा कि सरकार रेशनेलाईजेशन के नाम पर कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागों में लंबे समय से लगे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए, लेकिन सरकार कर्मचारियों के हितों की सोचने की बजाय कर्मचारी विरोधी नीतियां बनाकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम कर रही है। जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने कहा कि हरियाणा में वेतन आयोग अलग से गठित होन, विभागों में पदों की कटौती करनी सरकार बंद करे सहित अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांग मानने की बजाय उनका शोषण करने में जुटी है।

# गांवों में बाढ़ जैसे हालात, गिरदावरी कर तुरंत मुआवजा दे सरकार: हुड्डा



**भिवानी।** रिटायर्ड आईएएस आर .एस दूहन के भाई बलवंत सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

**भिवानी।** पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भिवानी जिला के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात है। सरकार को तुरंत सर्वे रिपोर्ट व गिरदावरी करवानी चाहिए और प्रभावित किसानों को मुआवजा देने चाहिए। वहीं हरियाणा सरकार द्वारा किसान हित में काम करने के दावे पर हुड्डा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ये सरकार किसान हित में कोई काम नहीं करती। ना किसानों की फसलें एमएसपी पर बिकती ना खराब फैसलों की उचित मुआवजा मिलता। हुड्डा ने आरोप लगाया कि किसानों द्वारा फसलों का जो बीमा करवाया जाता है उसमें खूब लूट होती है। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भिवानी में रिटायर्ड आईएएस आर.एस दूहन के भाई बलवंत सिंह के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधायक बीबी बत्रा, राव दानसिंह, सोमबीर सांगवान व डॉ शिवशंकर भारद्वाज सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे। भूपेन्द्र हुड्डा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पीड़ित परिवार के लिए संवेदना प्रकट की। पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया।

### नगर परिषद हटाएगी खाली स्थानों पर भांग के पौधे

**चरखी दादरी।** नगर परिषद भी अब नशा मुक्त जिला बनाने में प्रशासन का सहयोग करेगी। जल्द ही शहर के चारों तरफ खाली जगहों पर खड़े भांग के पौधों को नष्ट किए जाएंगे। नप कर्मचारियों ने ऐसे स्थानों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि दादरी प्रशासन ने जिले को नशा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया है। इसके लिए हर गांव व शहर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब प्रशासन का प्रयास है कि युवाओं को आसानी से नशीला पदार्थ ना मिले। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भांग की पौधे नष्ट करवाने का निर्णय लिया गया है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने लघु सचिवालय में नाकोर्ड कमेटी की बैठक लेते हुए नशा मुक्त जिले में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला में जड़ से नशे को दूर करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा और नशे के कारोबार व तस्करी में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। जिला के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सभी विभाग अपने स्तर पर कार्य करें। विभिन्न खाली स्थानों पर नगर परिषद अपने क्षेत्र से भांग के पौधे हटवाए। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा कि जिला में नशा की बुराई को मिटाने के लिए नशीले पदार्थ की बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ और तेज की जाए। नशीले पदार्थ को बेचना व खरीदना दोनों ही दंडनीय अपराध है, इसलिए उन स्थानों की पहचान की जाए, जहां नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं।

## भगवान की कथा जहां होती, वहां होता है ऊर्जा का संचार

# कथा में श्रद्धालुओं को बताया श्रेष्ठ भक्ति का मार्ग

- श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में उजागर हुए धर्म, भक्ति और नारी शक्ति के भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** श्रीमद्भागवत कथा सुनती श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

श्रीलाल महादेव अखाड़े वाले मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा अमृत महोत्सव का तीसरा दिन आध्यात्मिक भावनाओं और प्रेरक प्रसंगों से ओतप्रोत रहा। कथा महोत्सव 3 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास स्वामी गोवर्धन आचार्य महाराज भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म के महत्व और जीवन के सत्य मार्ग की ओर प्रेरित कर रहे हैं। तीसरे दिन की कथा में स्वामी गोवर्धन आचार्य महाराज ने राजा परीक्षित की कथा, देवहूति और कर्दम ऋषि की संतान कपिल मुनि के उपदेश, ध्रुव की तपस्या और प्रह्लाद की भक्ति जैसे प्रसंगों पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला शाश्वत ज्ञान है, भगवान की कथा जहां होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार, शांति और प्रेम का वास होता है। स्वामी गोवर्धन आचार्य ने कथा के मध्य अंतराल में नारी शक्ति और बेटियों के महत्व पर भी भावपूर्ण वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि जिस समाज में बेटियों का सम्मान होता है, वही समाज उन्नति करता है। बेटियां केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की रीढ़ होती हैं। धर्मग्रंथों में भी नारी को देवी का स्वरूप माना गया है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बेटियों को शिक्षा, संस्कार और आत्मबल से सशक्त बनाएं। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिन्होंने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया और भजनों के माध्यम से भाव-विभोर वातावरण का अनुभव किया। आयोजन समिति के सदस्य भक्तों की सुविधा व सेवा में लगातार तत्पर दिखाई दिए। कथा के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव भक्तों के लिए न केवल भक्ति का माध्यम बन रहा है, बल्कि सामाजिक जागरूकता और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

### राखी उत्सव मनाया

**बहल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा बहल मे ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राखी पर्व के उपलक्ष्य में राखी उत्सव मनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने कार्यक्रम के अतिथि उपमंडल अधिकारी लोहारू मनोज दलाल को स्नेह और पवित्रता की प्रतीक राखी बांधी गई।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री गंगा राम निवासी गांव ओबरा, सब तहसील बहल, तहसील लोहारू, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कृष्ण कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा में सफलता पाने वाले किए सम्मानित

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पूर्व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। परीक्षा में सुमित जाखड़ ने 610 अंक के साथ 820 रैंक, शुभम जाखड़ ने 585 अंक के साथ 2788 रैंक, विवेक तंवर ने 575 अंक के साथ 4315 रैंक और सिद्धि गुप्ता ने 541 अंक प्राप्त कर 16969 रैंक हासिल की। विद्यालय प्रशासक डॉक्टर शमशेर अहलावत व प्राचार्य विमलेश आर्य ने विद्यार्थियों को ओम पट्टिका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सत्कार किया।

### दस्तखत अभियान से तोड़ी जाएगी मच्छरों की कमर

**भिवानी।** शिक्षा विभाग ने शहर, कस्बे व ग्रामीण इलाकों में डेंगू व मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों के खात्मे की योजना तय की है। अब 6 से लेकर 12 वीं क्लास तक के बच्चे से एक घंटे तक दस्तख अभियान चलाएंगे। इस अभियान के दौरान वे घर घर जाएंगे और लोगों को मलेरिया व डेंगू फैलाने वाले मच्छरों से बचने व उनके खातमें के तौर तरीके बताएंगे। यह अभियान 11 अगस्त को सुबह आठ बजे से नौ बजे तक सभी विद्यालयों से शुरू होगा।

### दुकानों को किराए पर देगी नगर पालिका

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन सुंदर अत्री के नेतृत्व में बैठक का आयोजन हुआ जिसमें नपा पार्षद और सचिव संदीप गर्ग मौजूद रहे। बैठक में नपा की बस स्टैंड पर काफी समय से बनी 14 दुकानों को किराए पर देने पर चर्चा हुई और तय किया गया कि 14 अगस्त को 3 बजे इनको किराए पर चढ़ाया जाएगा। वहीं शहर में पानी की निकासी, बस स्टैड के पास क्षतिग्रस्त डस्टबीनों की निलामी सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

### स्कूली बच्चों ने हर घर तिरंगा यात्रा निकाली

**बाढड़ा।** गांव कारी दास स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा मु४याध्यापक नसीब सिंह व स्कूल इंचार्ज अनिल कुमार की अगुवाई में निकाली गई। यात्रा के दौरान सभी गांव के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरे व सभी को तिरंगे को पूर्ण आदर सम्मान देने का आहवान किया। मास्टर सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि स्कूल में हर घर तिरंगा यात्रा निकालने से बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ती है, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता पैदा होती है। यह अभियान बच्चों को अपने देश के प्रति गर्व और प्रेम की भावना विकसित करने में मदद करता है।

### बिजली किल्लत और तार बदलने की मांग की

**चरखी दादरी।** शहर की विद्या विहार कालोनी में बिजली किल्लत को लेकर रेजिडेंट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि दिनभर बिजली के कटे लगते हैं और घंटों तक बिजली गायब रहती है। उन्होंने कहा कि जब बिजली आती है तो अपडाउन होने से बिजली के उपकरण खराब होने से आर्थिक नुकसान होता है। बिजली की राते बहुत पुरानी हो चुकी हैं तथा बिजली का ट्रांसफार्मर का भी लोड कम है।

## अंडर-17 और 19 बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल विधाओं में दो दिन लगभग 20 ओलंपिक और 12 नॉन ओलंपिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

### युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाती है खेल प्रतियोगिताएं : शिवकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। बॉक्सिंग रिंग में प्रतिद्वंदी पर मुक्के बरसाते हुए व कुश्ती स्पर्धा में दांव पेच लगाते हुए। फोटो :हरिभूमि

भीम स्टेडियम में मंगलवार को बालिकाओं की अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों में बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ अनिल गौड़ द्वारा की गई। आयोजन समिति के नोडल अधिकारी प्रवक्ता मदन गोपाल रहे, जिनके नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिव कुमार तंवर सहित अनेक शिक्षकों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों ने प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता आगामी दो दिनों तक विभिन्न लगभग 20 ओलंपिक व 12 नॉन ओलंपिक खेल विधाओं में आयोजित की जाएगी। जिसमें हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, आर्चरी, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, जूडो, मुक्केबाजी, जिमनास्टिक, तैराकी, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, वॉलीबॉल, कुश्ती, बेसबॉल, कबड्डी, बेसबॉल, चैस, नेटबॉल, स्केटिंग योग, कैरम, रस्सा कसी आदि इवेंट्स का आयोजन करवाया गया। खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में आयोजन समिति में रीमा परमार प्राचार्य राजकीय कन्या वमावि खरक कला, सीमा सरदाना, पवन शास्त्री स्टेट अवॉर्डी, रविंदर वैद प्राचार्य, प्रवेश गौतम, अनिल अलवासिया, सत्यवान कोच, अनिल काटपालिया, सह प्रभारी विनोद पिंकू रहे। खेल प्रतियोगिता के आयोजन में पीटीआई, डीपीई व शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता की और जिम्मेदारी रही वहीं निर्णायक मंडल की भूमिका सुखदेव डीपीई, राजेश्वर डीपीई, राजेश सिवाच, राजवंती प्रवक्ता, सुनील कोहड़, सुशील दहिया, वीरेंद्र घणघस, श्रीपाल डीपीई, रामचंद्र पुनिया, प्रवीण भारद्वाज, मोतीलाल जांगड़ा, संजय सैनी, सरिता डीपीई, मंजीत पालवास, राजेश डीपीई धनाना, रविंद्र डीपीई तालु, जोगेंद्र पीटीआई मिताथल, पवन मिताथल, दयानंद डीपीई मानहेरू, गजानंद पीटीआई, सलेंदर पीटीआई, लक्ष्मण गौड ने निभाई। विनोद पिंकू ने बताया कि लड़कियों की अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग की भिवानी की ब्लॉक की विजेता टीम 22 अगस्त से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का हिस्सा होंगी। इस मौके पर उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। इससे ना केवल शारीरिक ऊर्जा का विकास होता है, बल्कि युवा मानसिक रूप से भी मजबूत बनते है। ऐसे में प्रत्येक युवा को किसी ना किसी खेल में जरूरी भाग लेना चाहिए।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए पीटीआई विनोद पिंकू ने बताया कि जूडो स्पर्धा में 36 किलोग्राम भार वर्ग में तमन्ना, 40 किलोग्राम भार वर्ग में रश्मी, 44 किलोग्राम भार वर्ग में मुस्कान, 48 किलोग्राम भार वर्ग में कनिष्का, 52 किलोग्राम भार वर्ग में अंशु, 57 किलोग्राम भार वर्ग में निकिता, 63 किलोग्राम भार वर्ग में तन्वी, 70 किलोग्राम भार वर्ग में अन्नु व 70 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में अशिका प्रथम रही। इसी प्रकार जूडो की अंडर-19 आयु वर्ग की 36 किलोग्राम भार वर्ग में नेहा, 40 किलोग्राम भार वर्ग में गुंजन, 44 किलोग्राम भार वर्ग में सरिता, 48 किलोग्राम में रीना, 52 किलोग्राम भार वर्ग में मीनू, 57 किलोग्राम भार वर्ग में किरण, 63 किलोग्राम भार वर्ग में नेहा, 70 किलोग्राम भार वर्ग में राखी व 70 से अधिक किलोग्राम भार वर्ग में लक्षित प्रथम रही। पिंकू ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में सखी, गारिका, शैफाली, मिष्ठी विजेता रहे। अंडर-19 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में रविना, मीनाक्षी, कुकुम व किरण विजेता रहे।

### सॉफ्टबॉल अंडर-17 में घुसकानी की टीम अव्वल

*विनोद पिंकू ने बताया कि खेल ट्रायल के रूप में सॉफ्टबॉल अंडर-17 लड़कियों में वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल घुसकानी की टीम व अंडर-17 अंडर-19 लड़कियों में तिगड़ाना स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की टीम विजेता रही। इसमें बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा अंडर 17 की टीम के खिलाड़ियों का भी हिस्सा रही। वहीं कबड्डी में अंडर-19 में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालिंगा व अंडर-17 लड़कियों में फूलन दे स्कूल धनाना की टीम विजय रही। आज के खो-खो मैच में पहला मैच प. सीताराम व ढ़ाणी लाडनपुर, दूसरा मैच धनाना व मुंढाल खेला गया।*

### कुराश खिलाड़ियों ने दो गोल्ड सहित 18 पदक जीत बढ़ाया हरियाणा का मान

**भिवानी।** दक्षिण कोरिया के चियोंगजू में एक से चार अगस्त तक आयोजित एशियाई कुराश चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ने कुल 18 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन पदकों में 2 स्वर्ण, 6 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। सबसे खास बात ये है कि हरियाणा को मिले दोनों स्वर्ण पदक बेटियों ने दिलाए। सिमरन व खुशी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किए। हरियाणा कुराश एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिलावर सिंह ठेकेदार, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार राणा और प्रदेश महासचिव सोमबीर पावड़िया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी कोच शक्ति सिंह, अजय कुमार, विकास मलिक, संदीप डीपीई और अनिल अहलावत की देखरेख में अभ्यास करते हैं। उन्होंने बताया कि 52 किलोग्राम भारवर्ग में सिमरन व 57 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी सैनी ने स्वर्ण पदक, 38 किग्रा में अंधी, 42 किग्रा में आयन संधु, 48 किग्रा में खुशी, 71 किग्रा में इंदर आकाश, 77 किग्रा में तरूण व 83 किग्रा में प्रियंश ने रजत पदक तथा 52 किग्रा में पूजा मलिक, 46 किग्रा में योगेश, 50 किग्रा में नकुल कुमार, 65 किग्रा में गौतम, 71 किग्रा में मयंक, 77 किग्रा में अरविंद, 90 किग्रा में पारस तथा 120 किलोग्राम भार वर्ग में जतिन ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि कुराश, कुश्ती का एक पारंपरिक रूप है, जिसकी उत्पत्ति मध्य एशिया में हुई थी, यह जुडो और कुश्ती के समान एक मार्शल आर्ट है।

### प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच है खेल प्रतियोगिताएं : डिप्टी डीईओ



**भिवानी।** गांव बामला में विजेता टीम के साथ अधिकारी व स्कूली स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में आयोजित हो रहे ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 आयु वर्ग में योगा और कबड्डी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि भिवानी के उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर व खंड शिक्षा अधिकारी अनिल गौड ने शिरकत की तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसो.के जिला प्रधान कुलदीप महला पीटीआई ने बताया कि योगा प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वमावि बामला की छात्राओं ने अंडर-17 आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। कबड्डी अंडर-17 आयु वर्ग में फुलन देवी मंदिर धनाना की टीम ने राजकीय कन्या वमावि कलिंगा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग में बाजी पलट गई। इस वर्ग में राजकीय कन्या वमावि कलिंगा की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए फुलन देवी मंदिर धनाना को हराकर पहला स्थान हासिल किया।

### खेल महाकुंभ में भिवानी के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य पदक



**भिवानी।** रोहतक में 2 से 4 अगस्त तक हुई राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी के मुक्केबाजों ने एक बार फिर से अपने मुक्कों का दम दिखाते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत व दो कांस्य पदक हासिल कर खेल नगरी भिवानी को गौरवांवित किया है। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में भिवानी जिला से 10 मुक्केबाजों ने कोच राहुल के नेतृत्व में भाग लिया था। प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम भारवर्ग में रवीन, 80 किलोग्राम में दक्ष तथा 85 किग्रा में प्रिंस ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 50 किग्रा में साहिल ने रजत, 65 किग्रा में ऋतिक व 90 किग्रा से अधिक भार वर्ग में आशीष ने कांस्य पदक हासिल किया है। इसके अलावा ओवरऑल ट्रॉफी भिवानी के नाम रही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धि अन्य युवाओं को भी खेल क्षेत्र में भागीदारी कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। कोच राहुल ने कहा कि आज युवा पीढ़ी में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिसको खत्म करने के लिए खेल ही एकमात्र मार्ग है।

### काकडौली हुक्मी की छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में लहराया परचम

**बाढड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकडौली हुक्मी की छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। डालावास में आयोजित खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-11 और अंडर-19 बालिका टीमों ने खो-खो मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर जिला स्तर पर अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षा विभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के अंतर्गत 4से 7 अगस्त तक किया जा रहा है, जिसमें खंड के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अंडर-11 वर्ग में विद्यालय की टीम ने प्रतिद्वंदी टीम वीर इंटरनेशनल स्कूल की टीम को को पराजित कर जिला स्तर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। टीम प्रभारी सुरेश कुमारी डीपीई ने जानकरी देते हुए बताया कि विद्यालय की बालिका वर्ग में अंडर-19 टीम ने गत वर्षो की भांति अपना दबदबा बनाये रखा और जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विजयपाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की जीत है। उन्होंने खिलाड़ियों और टीम इंचार्ज के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत और अनुशासित दिनचर्या का परिणाम है। इस सफलता पर स्टाफ सदस्यों कमलेश,भारती, सविता, मीनू, जगदीश, सुरेश कुमार, गजानंद, सुशीला आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले



**चरखी दादरी।** खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन राजीव गांधी खेल स्टेडियम झोझू कलां में रोचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में खेल नोडल अधिकारी जयभगवान रावलधी, जसवंत सिंह, विजय कुमार प्राचार्य विशेष रूप से शामिल हुए। दूसरे दिन की रोमांचक मुकाबले में अंडर 14 खो खो वर्ग में आर्य हिंदी संस्कृत महाविद्यालय गुरुकुल ने गीतांजलि स्कूल को 3 के मुकाबले 13 अंकों से हराकर अपना फाइनल मुकाबला जीता। वहीं अंडर 11 मुकाबले में गीतांजलि स्कूल ने आर्य मॉडल स्कूल दादरी को हराकर अपना पहला स्थान बनाया। वहीं दूसरी ओर कबड्डी के 17 वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोझू कलां की टीम को हराकर केसीएम झोझू कलां स्कूल की टीम ने फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। अंडर 14 के एक रोचक मुकाबले में केसीएम झोझू कलां के बच्चों ने गुरुकुल दादरी को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। कबड्डी प्रतियोगिता में सुरेंद्र डीपीई, कपूर सिंह डीपीई, राकेश डीपीई, सुनील कुमार, विजेंद्र , उदय सिंह का मुख्य योगदान रहा है। वहीं दूसरी ओर खो खो के रोमांचक मुकाबले को सफल करवाने में रजनीश डीपीई, रामचंद्र डीपीई, किस्मत सिंह पीटीआई, सतीश पीटीआई, सज्जन सिंह पीटीआई, मंजीत डीपीई का विशेष योगदान रहा।

## हिसार को हरा भिवानी की टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** फुटबॉल मैच में विजेता टीम। फोटो :हरिभूमि

रोहतक में हरियाणा खेल महाकुंभ में भिवानी जिले की टीम में विरोधी टीम को पराजित करके विजय पताका लहराने का कार्य किया। जानकारी देते हुए कोच सोनिका बिजारनिया ने बताया कि खेल विभाग द्वारा रोहतक में आयोजित 2 से 4 अगस्त तक हरियाणा खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया जिसमें पायल बडसरा कप्तान, पारूल मिठरवाल, खुशबू समोता, काफी गढवाल, रींकू लांबा, सपना समोता, काजल मिठरवाल, हिमांशी सांगवान, सुजाता नैन, रजनीबाला, संजना, सुषमा, तमन्ना, शैलजा ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया और फुटबाल मैच में हिसार को 2-1 से पराजित करके प्रथम स्थान हासिल किया। भिवानी की टीम के विजेता बनने पर जिला खेल अधिकारी तेन्द्र सिंह, टीम इंचार्ज पूनम यादव, सुरेश कुमार ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## मुनेष ने गोला फेंक व सीमा ने बाधा दौड़ में जीता पदक

**भिवानी।** 2 से 4 अगस्त तक पंचकूला के चौधरी देवीलाल स्टेडियम में आयोजित हरियाणा राज्य खेल महाकुंभ में एथलेक्टिस खेल में बाबा भैरूनाथ स्पोर्ट्स अकादमी चौधरी खेमचन्द स्टेडियम बुसान की मुनेष ईशरवाल ने गोला फेंक व चक्का फेंक में दो स्वर्ण पदक जीते हैं तथा सीमा बुसान ने 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता है। इनके कोच व चौधरी खेमचन्द स्टेडियम में इंचार्ज जयसिंह कालीरामन ने बताया कि दोनों महिला खिलाड़ी जुनियर आयु वर्ग की हैं और महिला वर्ग में इनके द्वारा पदक प्राप्त करना बहुत ही बड़ी बात है। इन दोनों ने राज्य स्तर पर कई पदक प्राप्त किए हैं। चौधरी खेमचन्द स्टेडियम पहुंचने पर बाबा पूर्णनाथ महाराज ने दोनों महिला खिलाडियों को आशीर्वाद दिया तथा स्टेडियम में बच्चों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मसिंह संडवा, पवन बुशान, सेवानिवृत डीएसओ विरेन्द्र, चेतन प्रकाश वर्मा, कृष्णलाल एथलैक्टिस कोच, शीशराम नंबरदार ने कहा कि दोनों महिला खिलाडियों की उपलब्धि सराहनीय है। प्रिंस, हेमंत, दिशा सांगवान, भूमिका, सोनिका खावा, सोनिका आलमपुर ने भी इस खेल महाकुंभ में भाग लिया।

### लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के दिनेश का आईआईटी. में चयप



**भिवानी।** लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल, भिवानी के छात्र दिनेश पुत्र सत्यपाल ने अपनी कड़ी मेहनत व लगन से प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मंडी, हिमाचल प्रदेश में पाया स्थान। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने दिनेश की अदभुत प्रतिभा की सराहना करते हुए बताया कि हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि हमारे विद्यालय के छात्र व सत्यपाल के पुत्र दिनेश ने प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मंडी, हिमाचल प्रदेश में प्रवेश पाकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। आईआईटी मंडी भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक है व अपने कठोर शैक्षणिक कार्यक्रमों, नवीन अनुसंधान और प्रतिष्ठित संकाय के लिए जाना जाता है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती को जागरूकता फैलाने का माध्यम बनाएंगे : सीमा बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अग्रसेन जयंती को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित महिलाएं।

आगामी 22 सितंबर को मनाई जाने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की रूपरेखा तय करने के लिए हांसी गेट स्थित एक निजी रेस्तरां में श्री अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट की प्रधान नीतू बंसल ने की। इस दौरान मुख्य रूप से श्री अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की चेयरपर्सन सीमा बंसल पहुंची। जिन्होंने इस वर्ष जयंती को एक सामाजिक संदेश के रूप में मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सीमा बंसल ने बताया कि इस वर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती सिर्फ एक उत्सव नहीं होगी, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का एक माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हमेशा समाज कल्याण को प्राथमिकता दी और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए विभिन्न सामाजिक कार्यो का आयोजन करेंगे।

### रक्तदान शिविर में 35 स्वयं सेवकों ने किया रक्तदान



**भिवानी।** चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्त कोष में रक्त इकाइयों की कमी हो गई थी। रक्त कोष में रक्त का स्टॉक काफी कम था, जिससे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी से संपर्क किया और रक्तदान शिविर आयोजित करने की अपील की। अस्पताल की इस अपील पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने तत्काल प्रतिक्रिया दी तथा मंगलवार को एक आपातकालीन रक्तदान शिविर का चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्त कोष में किया गया। शिविर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के 35 स्वयं सेवकों ने रक्तदान के लिए अपनी स्वेच्छा से आगे आए। यह एक सराहनीय पहल थी जिसने यह साबित किया कि मानवीय सहायता और सेवा के लिए हमेशा लोग मौजूद हैं। इन 35 युवाओं ने रक्तदान कर न केवल अस्पताल की जरूरत को पूरा किया, बल्कि कई जिंदगियों को भी बचाया। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने सभी रक्तदाताओं के योगदान की सराहना की।

## प्रतियोगिता में जीवीएम स्कूल की छात्रा वंशिका ने मारी बाजी

**बाढ़ड़ा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाढ़ड़ा में मंगलवार को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खंड स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में खंड के राजकीय व निजी शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खंड के 22 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने विषय से संबंधित प्रभावशाली प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार रखे, जिससे विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और प्रस्तुतीकरण क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, आज के बदलते युग में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। समस्याओं का तार्किक समाधान, खोजी प्रवृति तथा वैज्ञानिक सोच से ही समाज का सतत विकास संभव है। संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य हरिकिशन राणा ने की, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की संयोजक स्वाति व कविता ने बताया कि विज्ञान संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच के साथ समसामयिक विषयों पर मंथन करने का मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में जीवीएम स्कूल कादमा की छात्रा वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रावमा विद्यालय हड़ोदी की छात्रा योगिता उपविजेता रही।

**कार्यक्रम**

### सरकार की घोषणा के छह माह बाद भी 8वें आयोग का गठन नहीं

# न्यूनतम वेतन 26 हजार व पुरानी पेंशन बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट।

मंगलवार को सर्व कर्मचारी संघ जिला भिवानी की मीटिंग संघ के कार्यालय में जिला प्रधान सूरजभान जटासरा की अध्यक्षता में हुई, जिसका संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया।

मीटिंग में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा 8वें वेतन आयोग की घोषणा के छह माह बाद भी अधिसूचना जारी नहीं की गई, जिसका मतलब सरकार की नीयत में खोट है। उन्होंने कहा कि सरकार 8वां वेतन आयोग देना नहीं चाहती, वहीं दूसरी तरफ सरकार जबरदस्ती कर्मचारियों को यूपीएस के नाम से भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री व विधायक कई-कई पुरानी पेंशन ले रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों को यूपीएस के जाल में फसाया जा रहा है। जिला प्रधान सुरजभान ने कहा कि रेशनेलाइजेशन के बहाने पदों को खत्म किया जा रहा है। सरकार इसी तरह निजीकरण को बढ़ावा देती रही तो कर्मचारी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिला सचिव सुमेर आर्य ने कहा कि सरकार निजीकरण को बंद करके सरकारी महकमों का विस्तार करे, सभी पदों पर नियमित भर्ती की जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, न्यूनतम वेतन 26 हजार हजार लागू किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, मिड डे मिल वर्कर आदि कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।

### इन्होंने किया संबोधित

इस अवसर पर राज्य कमेटी सदस्य सतबीर स्वामी, सुशील आलमपुर, अनिल बागड़ी, अनिल लोहारू, राजेश दुल्हेडी, विजेंद्र सांगवान पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन से विकास राठी, जयहिंद आईटीआई से नरेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र दिनोद ने भी सम्बोधित किया।